Regarding cancer cases in Punjab

श्री शेर सिंह घुबाया (फिरोज़पुर) : माननीय सभापति, पंजाब में तीन क्षेत्र है, माझा, दोआबा और मालवा । एक जानलेवा बीमारी जो पूरे देश को जकड़ चुकी है, लेकिन पंजाब में सबसे ज्यादा मालवा क्षेत्र में कैंसर के पीड़ित हजारों की गिनती में हैं । फिरोजपुर से एक ट्रेन जयपुर और बीकानेर के बीच चलती है, जिसका नाम कैंसर ट्रेन पड़ गया है । इस बारे में हमने सरकार से कई बार अनुरोध किया लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है ।

फिरोजपुर में एक पीजीआई अस्पताल बनने जा रहा है, लेकिन उसके लिए फंडिंग नहीं हुई है । फाजिल्का में एक छोटा कैंसर हॉस्पिटल बनने जा रहा है । उसके लिए सिर्फ 50 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई है । मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि कैंसर पीड़ित लोगों को प्रधानमंत्री रिलीफ फंड से जो पैसा दिया जाता है, वह उनको नहीं दिया जा रहा है । जो फाइलें पड़ी हैं, उनके लिए जल्दी से जल्दी पैसे दिये जाएं । पंजाब में कैंसर का अस्पताल बना कर वहां के रोगियों को राहत दी जाए ।